**भ्रष्टाचार** ग्राम पंचायत नांदा माल का मामला, सरपंच ने कहा- नहीं सुनते पीएचई विभाग के अधिकारी, क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से जोड़ दी नई लाइन

# करोड़ों की नल-जल योजना फिर भी ग्रामीण पानी को मोहताज








**अमरपुर नवभारत 18 जनवरी।** डिंडोरी जिले के अमरपुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नांदा माल में पंचायत के जिम्मेदारों ने जल जीवन मिशन के ठेकेदार के संग मिलकर बड़ा खेला कर दिया। यह हम नहीं कह रहे ग्राम पंचायत के निर्वाचित एक जनप्रतिनिधि व्दारा पंचायत में हुए इस भ्रष्टाचार को बयां किया गया है।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना को भ्रष्टाचार कि वेदी पर चढ़ाने के मुख्य आरोप सरपंच और सचिव के ऊपर लगे हैं। हर घर नल, स्वच्छ जल ग्रामीणों के घर तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने अपना खजाना खोल कर रखा है, जिसको लेकर सरकार ने इस योजना पर करोड़ों रुपए खर्च किए हैं, लेकिन प्रशासनिक कर्मी एंव ग्राम प्रधान को अपने संग ले जल जीवन मिशन के ठेकेदार अधूरे कार्य को पूर्ण दर्शा कर सरकार की आंख में धूल झोंकने का कार्य कर रहे हैं। ग्राम पंचायत नांदा माल में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने में भ्रष्टाचार का खुलासा नहीं हो इसलिए सरपंच और सचिव को ठेकेदार ने अपने साथ मिला लिया।

### हर तीसरे दिन ग्रामीणों को मिल रहा पानी

ग्राम पंचायत नान्दा माल निवासी ग्रामीण महिला फुलमतिया बाई व्दारा बताया गया कि जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन तो कर दिया गया, लेकिन ग्राम पंचायत प्रतिदिन पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है। हर तीसरे दिन पानी ग्रामीणों को मिल रहा है। ग्रामीण महिला बताती हैं कि हम लोग दो-तीन दिन पुराना पानी पीने के लिए मजबूर हैं।

### पुरानी लाइन से नई पाइप लाइन जोड़ दी : ठाकुर

ग्राम पंचायत नान्दा माल के उपसरपंच शिवांक ठाकुर व्दारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में लगभग 10 से 12 वर्ष पुरानी पाईप लाइन बिछी हुई है, जो अनेक स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीणों को स्वच्छ पानी मिल सके इसके लिए 4 वर्ष पूर्व नल जल योजना अंतर्गत कार्य शुरू कराया गया, लेकिन ठेकेदार ने पूरे ग्राम में नई पाइपलाइन नहीं बिछाई और पुरानी लाइन से ही अनेक स्थानों पर नई पाइप लाइन को जोड़ दिया, जिसके कारण आज भी ग्राम नान्दा में 8 वार्डों में से केवल तीन वार्डो तक ही पानी की सप्लाई हो पा रही है। बाकी के शेष पांच वार्ड वासी पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं।

### पुरानी पाइपलाइन बार-बार फट रही है

उपसरपंच व्दारा बताया गया कि पाइप लाइन लीकेज है, जिसे सुधारना पड़ेगा। पुरानी लाइन को 10 से पंद्रह वर्ष हो चुके हैं, पाइप लाइन जंग खा चुकी है। उसे रिपेयरिंग भी करते हैं तो भी दिक्कत हो रही है। पुरानी लाइन बार बार फट रही है। उपसरपंच ने बताया कि पानी आगे से पहुंच नही पा रहा है। वार्ड नंबर 5, 6 और 7 में ही पानी पहुंच रहा है। ग्रामीण उपयोग के लिए पानी की व्यवस्था पड़ोसियों से कर रहे हैं एंव हैंडपंप कुओं का पानी राहत देने का काम कर रहा है।

### व्यर्थ बह रहा हजारों लीटर पानी

ग्रामीणों व्दारा बताया गया कि स्वच्छता परिसर के समीप लगे नल में टोटी नहीं होने से हजारों लीटर पानी बहकर बर्बाद हो रहा है, जिसकी रोकथाम के लिए पंचायत व्दारा कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। मामले पर ग्राम पंचायत के उपसरपंच व्दारा बताया गया कि हम लोग दो से तीन बार नल में टोटी लगा चुके हैं, लेकिन समीप में स्कूल है जहां के बच्चे टोटी को निकाल देते हैं। मध्यान्ह भोजन के चलते उस नल को बंद नही कर पा रहे हैं।

**इनका कहना है**

मैं तो सरपंच और सचिव को ही इसके लिए दोषी मानूंगा। पुरानी पाइप लाइन में नई लाइन को जोड़ दिया गया है, जिससे ग्रामीणों को दिक्कत हो रही है। निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। लापरवाही बरतने बालों पर कड़ी कार्यवाही हो।

**शिवांक ठाकुर, उपसरपंच**
**ग्राम पंचायत नांदा माल**

मेरे व्दारा 5 जनवरी को सीईओ से शिकायत की गई है। पीएचई विभाग के अधिकारी तो हमारी सुनते ही नहीं है। अनेकों बार शिकायत की है। गुप्ता इंजीनियर से पानी को लेकर बहस भी हो चुकी है। अभी पीएचई के नए इंजीनियर आए हैं। उन्होंने कहा कि चार-पांच दिन में आकर देखते हैं।

**चंद्रवती वनवासी, सरपंच**
**ग्राम पंचायत नांदा माल**

# करंट से हुई थी बाघ की मौत : फील्ड डायरेक्टर



**पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया गया**

**चिल्हारी नवभारत 17 जनवरी।** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर सिमरिया गांव में करंट लगने से एक बाघ की मौत होने की घटना की पुष्टि हो गई है। इस संबंध में फील्ड डायरेक्टर, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने बताया कि घटना सही है और प्रथम दृष्टया मामला करंट लगने से बाघ की मौत का प्रतीत हो रहा है।

उन्होंने बताया कि बुधवार शाम करीब 4 बजे ग्रामीणों द्वारा बाघ को मृत अवस्था में देखे जाने के बाद वन विभाग को सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही विभागीय अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया गया। वर्तमान में घटनास्थल पर भारी संख्या में वन विभाग की टीम तैनात है और किसी भी बाहरी व्यक्ति को वहां जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

### बाघ के शव का किया जा रहा परीक्षण

फील्ड डायरेक्टर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। बाघ के शव का परीक्षण किया जा रहा है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि करंट किस स्त्रोत से फैला था। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी की लापरवाही या अवैध विद्युत तार बिछाने की पुष्टि होती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि जनवरी माह की शुरुआत से अब तक बाघों की मौत की यह तीसरी घटना है, जिससे वन्यजीव संरक्षण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**एक नजर में**



## कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

**चिल्हारी नवभारत।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत अमरपुर में धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रबंधक से अब तक की गई खरीदी, परिवहन, किसानों के लिए की गई व्यवस्था आदि के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्र से धान के उठाव में तेजी लाई जाए।

## जर्जर सड़क को लेकर युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

**चिल्हारी नवभारत।** जिले मानपुर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम बड़ी बेल्दी एवं छोटी बेल्दी की विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्राम युवा विकास समिति द्वारा बेल्दी के युवा साथी ग्राम पंचायत बेल्दी पहुंचकर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में पूरे गांव की सड़कों की जर्जर स्थिति पर ध्यानाकर्षण कराते हुए सड़क की मरम्मत, नाली की साफ सफाई और गांव में स्वच्छता की मांग की गई। मामले को सरपंच एवं सचिव गंभीरता से लेते हुए युवाओं के साथ स्वयं गांव की सड़कों का जायजा लिया और 3 से 4 दिनों के भीतर सड़क सुधार कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। इस पूरी प्रक्रिया में ग्राम युवा विकास समिति, बेल्दी के सभी सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने गांव के विकास हेतु एकजुट होकर सहभागिता निभाई।



## नागेश्वर धाम में लगा मेला, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**नौरोजाबाद नवभारत 17 जनवरी।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर स्थित सिद्ध पीठ नागेश्वर धाम (नागौताल आश्रम) में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य मेले का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। 16 जनवरी को सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान नागेश्वर के दर्शन के लिए पहुंचे। मेले में दूर-दराज व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए भक्तों ने दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भजन-कीर्तन से पूरा धाम भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। नागेश्वर धाम के प्राचीन कुंड में नागों का बसेरा होने की मान्यता है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। मान्यता अनुसार कुंड दर्शन से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मकर संक्रांति पर यह मेला धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक बना रहा।

# विद्यार्थियों ने हासिल की कानून की जानकारी

**शैक्षणिक थाना भ्रमण पर पुलिस से किया संवाद**

**शहपुरा नवभारत 17 जनवरी।** संस्कार पब्लिक स्कूल शहपुरा के विद्यार्थियों को प्रति वर्ष अनुसार शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत शहपुरा थाना लाया गया, जहां कक्षा छठवीं से लेकर दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने शहपुरा पुलिस से प्रत्यक्ष संवाद किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। संवाद के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न धाराओं के बारे में सरल भाषा में समझाया और यह भी बताया कि किस प्रकार के अपराध किन आयु वर्गों से जुड़े होते हैं। विशेष रूप से बाल अपराध, किशोर न्याय अधिनियम और बच्चों की जिम्मेदारियों व अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस ने यह भी बताया कि अपराध की दुनिया से दूर रहना क्यों आवश्यक है और कानून का पालन करने से समाज में शांति एवं सुरक्षा बनी रहती है।

**पुलिस कंट्रोल रूम कार्यप्रणाली देखी**-विद्यार्थियों ने थाना परिसर, पुलिस कंट्रोल रूम, रिकॉर्ड संधारण और आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा। बच्चों ने पुलिस से प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने सहजता से उत्तर दिया। इस भ्रमण से विद्यार्थियों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ी और पुलिस के प्रति विश्वास व सम्मान की भावना विकसित हुई। विद्यालय प्रबंधक एल पी झारिया ने शहपुरा पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए थाना प्रभारी को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया।





# छात्रों ने ओएमआर शीट में हल किए प्रश्नपत्र

**शहपुरा में आरएसके ओलंम्पियाड परीक्षा आयोजित**

**शहपुरा नवभारत 17 जनवरी।** राज्य शिक्षा केंद्र, मध्य प्रदेश एवं जिला शिक्षा केन्द्र के निर्देशन में (आरएसके एमपी) के तत्वावधान में शहपुरा जनपदशिक्षा केंद्र अंतर्गत आरएसके ओलंम्पियाड परीक्षा का आयोजन किया गया।

इस परीक्षा में कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा का आयोजन निर्धारित परीक्षा केंद्र शासकीय नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल शहपुरा में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से किया गया। विद्यार्थियों ने ओएमआर शीट में प्रश्नपत्र हल किए। परीक्षा के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने पूरी एकाग्रता के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। इस ओलंम्पियाड परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों की क्षमता, प्रतिभा एवं आईक्यू का आकलन करना तथा उन्हें बेहतर सीखने के लिए प्रेरित करना है। परीक्षा जनशिक्षा केंद्र स्तर से प्रारंभ होकर जिला स्तर तक आयोजित की जाती है।

### विद्यार्थियों ने कराया था पंजीयन

ओलंम्पियाड में सामान्य ज्ञान, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं कंप्यूटर जैसे विषयों से प्रश्न पूछे गए। परीक्षा में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों ने अपने-अपने विद्यालयों के माध्यम से पंजीकरण कराया था। शिक्षकों एवं परीक्षा प्रभारी अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की परीक्षाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं और उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देती हैं।

# विद्यार्थियों को वन्य एवं पर्यावरण के महत्व की दी जानकारी

**अनुभूति कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री कुंवर विजय शाह**



**चिल्हारी नवभारत 17 जनवरी।** शुक्रवार को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर परिक्षेत्र के अंतर्गत बमेरा तिराहा कैंप पर अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्री कुंवर विजय शाह सम्मिलित हुए तथा छात्र-छात्राओं को ज्ञान रूपी प्रकाश से अनुभूति का वास्तविक अर्थ का अनुभव कराया। मुख्य अतिथि आदिम जाति कल्याण मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। बच्चों को जानकारी दी गई कि पेड़ का अपने जीवन में क्या महत्व है, पेड़ क्या देते हैं, पेड़ बहुत से पक्षियों का आवास होता है, यह हमेशा छाया, फल, पानी, ऑक्सीजन इत्यादि प्रदाय करते हैं। तितलियां और मधुमक्खियां हमें क्या-क्या देती है इसके विषय में भी बताया गया।

**अनुभूति की शपथ दिलाई गई**-डॉ. अनुपम सहाय क्षेत्र संचालक द्वारा बच्चों को अनुभूति के विषय में, वन एवं वन्य प्राणियों तथा पर्यावरण के संरक्षण के विषय में बताया गया। आदिम जाति कल्याण विभाग की परियोजना अधिकारी द्वारा अपने छात्र जीवन काल में भी अनुभूति कार्यक्रम वन में अटेंड किए गए संस्मरण बताएं। इसके बाद बच्चों की रुचि अनुसार शिक्षाप्रद नृत्य और गायन कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र एवं छात्राओं को अनुभूति की शपथ दिलाई गई।

# कृषक उन्नत तकनीक को अपनाए : डॉ . कुमार

**प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत शहपुरा में दलहन निदेशालय संचालक का निरीक्षण**

**शहपुरा नवभारत 17 जनवरी।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत दलहन निदेशालय के संचालक डॉ. महेश कुमार ने जिले के विकासखंड शहपुरा का निरीक्षण किया।

इस दौरान ग्राम सरवाही में कृषक रणमत सिंह पिता बहादुर सिंह के मसूर फसल प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के समय कृषक द्वारा अपनाई गई कतार बोनी पद्धति की सराहना करते हुए डॉ. महेश कुमार ने इसे उत्पादन बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने



समन्वित कीट प्रबंधन एवं संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के संबंध में आवश्यक तकनीकी सलाह दी। इस दौरान उन्होंने जिले में प्रचलित कृषि पद्धतियों पर कृषक से विस्तार से चर्चा करते हुए उन्नत तकनीकों को अपनाने के सुझाव दिए, निरीक्षण के दौरान विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी एवं अन्य कृषक उपस्थित रहे।

# पीआईबी की मीडिया वार्ता का किया बहिष्कार

**पत्रकारों और प्रशासन बीच बढ़ी दूरियां, प्रशासनिक रवैये पर उठाए गए सवाल**

**नवभारत उमरिया 17 जनवरी।** जिले में प्रशासन और मीडिया के बीच बढ़ती दूरी अब खुलकर सामने आ गई है। पत्रकारों ने आरोप लगाया है कि जिला मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने कर्मचारियों को मौखिक रूप से निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या पत्रकार को बाइट नहीं दें। साथ ही यह भी कहा गया है कि कार्यालयों में पत्रकारों को बैठने तक के लिए नहीं कहा जाए।

आदेश भले ही लिखित रूप में नहीं हों, लेकिन व्यवहार में पूरी सख्ती के साथ लागू किए जा रहे हैं। पत्रकारों का कहना है कि जब अधिकारी संवाद से बचेंगे, तो जनता तक सही और संतुलित जानकारी कैसे पहुंचेगी। इस रवैये को पत्रकारों ने लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रेस की स्वतंत्रता के खिलाफ बताया है। इन्हीं हालातों के चलते उमरिया जिले के पत्रकारों ने 16 जनवरी को प्रस्तावित प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो (पीआईबी) की मीडिया वार्ता का सामूहिक बहिष्कार करने का निर्णय लिया।

### 15 को आमंत्रण जारी किया गया था

गौरतलब है कि पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार, भोपाल द्वारा 15 जनवरी को मीडिया कवरेज हेतु आमंत्रण जारी किया गया था। आमंत्रण के अनुसार प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, भोपाल द्वारा विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम पर मीडिया वार्तालाप कार्यक्रम आयोजित किया जाना था। यह कार्यक्रम 16 जनवरी शुक्रवार को प्रात: 11 बजे होटल स्वर्णिम, उमरिया में प्रस्तावित था।

### प्रशासन की मंशा पर भी संदेह

पत्रकारों का कहना है कि एक तरफ सरकार मीडिया से संवाद और पारदर्शिता की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जिला स्तर पर अधिकारियों द्वारा पत्रकारों से दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए जा रहे हैं। यह विरोधाभास न केवल सवाल खड़े करता है, बल्कि प्रशासन की मंशा पर भी संदेह पैदा करता है। प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने साफ किया है कि यह बहिष्कार किसी एक कार्यक्रम या संस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि उस सोच के खिलाफ है जो सवालों से बचने के लिए सूचना के रास्ते बंद करना चाहती है।

## स्वच्छता को लेकर के जन जागरूकता अभियान जारी

**चिल्हारी।** मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बेल्दी में स्वच्छता को लेकर के सभी के घर घर जाकर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान युवाओं तथा ग्राम पंचायत के मुखिया ने सभी लोगों को यह जानकारी दी है कि सब लोग अपने-अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखें तथा हैंडपंप या और कहीं से रास्ते में पानी फालतू नहीं बहाएं। इस दौरान सरपंच उमेश कोल, सचिव राजमणि त्रिपाठी, उपसरपंच राम वन जायसवाल, सुरेश पंडा जी, आनंद राम जयसवाल, अनुज तिवारी, अजीत मिश्रा, सेखन जायसवाल, मुकेश दहिया, मोलई चौधरी, कमला जायसवाल, कोमल दहिया, कान्हा चतुर्वेदी, मनीष विश्वकर्मा, संतोष साहू, लवकुश यादव आदि उपस्थित रहे।

# नगर परिषद अमले ने वार्डवासियों से किया संवाद

**वार्ड 1 में नगर परिषद की टीम ने किया भ्रमण**



**डिण्डौरी, नवभारत।** बीते दिवस नगर परिषद् डिण्डौरी द्वारा मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में विशेष भ्रमण किया गया। अभियान के दौरान पार्षद वार्ड क्रमांक 1 भागीरथ उरैती की उपस्थिति में नगर परिषद के अमले ने वार्डवासियों से प्रत्यक्ष संवाद किया। इस अवसर पर नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता, जलप्रदाय, स्ट्रीट लाइट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य नगर निकाय सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

### नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं

भ्रमण के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनकी समस्या संबंधी आवेदन मौके पर ही प्राप्त किए गए। प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित शाखाओं को आवश्यक निर्देश दिए गए। पार्षद भागीरथ उरैती ने कहा कि 'संकल्प से समाधान' अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए नगर परिषद् स्वयं वार्डों में जाकर कार्य कर रही है।